**Regarding Need to develop Sitabinj in Keonjhar district, Odisha as a tourist place-laid**

श्री अनन्त नायक **(क्योंझर) :** मैं सरकार का ध्यान ओडिशा के क्योंझर जिले में स्थित सीताबिंझ (Sitabinj) के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । यह स्थल न केवल पुरातात्विक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जा सकता है । सीताबिंझ अपने प्राचीन गुफा चित्रों और शिलालेखों के लिए प्रसिद्ध है, जो लगभग 5 वीं-6 वीं शताब्दी के गुप्तकालीन माने जाते हैं । यहाँ की रावण छाया गुफा (Ravan Chhaya Rock Shelter) एक विशाल शिलाखंड है, जिसके नीचे प्राचीन भित्ति चित्र उकेरे गए हैं । यह क्षेत्र प्राचीन जैन और बौद्ध संस्कृति से भी जुड़ा हुआ माना जाता है । यह स्थान राज्य और केंद्र सरकार की पर्यटन योजनाओं के तहत संरक्षित किया जाए साथ ही, यहाँ तक सड़क संपर्क और अन्य बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने की आवश्यकता है । अतः, मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि सीताबिंझ को एक संरक्षित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु विशेष योजना बनाई जाए, जिससे यहाँ के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित किया जा सके और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिले ।